

# 42 नव युगलों ने थामा जीवनसाथी का हाथ

## सामूहिक विवाह समारोह में गूंजे मंगलगीत, सांसद-विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने दिया सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। सामूहिक विवाह समारोह में आज 42 नवयुगलों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जीवनसाथी का हांथ थामा। सामूहिक विवाह समारोह में मंगलगीत गूंजे एवं सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।**



मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत पनवार स्थित सिद्धि विनायक पैलेस में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में जनपद पंचायत सीधी क्षेत्र के 42 नवयुगल वैवाहिक बंधन में बंधे। समारोह में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, विधायक सीधी रीती पाठक एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपये की सहायता राशि एवं गृहस्थी प्रारंभ करने हेतु उपहार प्रदान किए। सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना ने बेटियों के विवाह को सम्मानजनक और सहज बनाने के साथ माता-पिता की बड़ी चिंता दूर की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार गरीब एवं वंचित वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए जन्म से लेकर आत्मनिर्भर जीवन तक अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी राज्य बताते हुए उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प भी दिलाया और नवविवाहित बेटियों के सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की।

विधायक रीती पाठक ने सभी नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के माध्यम से सामाजिक समरसता को मजबूत कर रही है तथा दहेज जैसी कुप्रथाओं के उन्मूलन की दिशा में प्रभावी पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिला सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे बेटियों के विवाह में आने वाली आर्थिक कठिनाइयों का समाधान हुआ है और समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### समारोह में इन्होंने भी दी नवविवाहितों को शुभकामनाएं

समारोह में पार्षद पूनम सोनी, समाजसेवी इंद्रशरण सिंह, विश्वबंधुधर द्विवेदी, देवेंद्र त्रिपाठी, पुनीत नारायण शुक्ला, पुष्पराज सिंह, एसडीएम गोपदबनास प्रिया पाठक, सीईओ जनपद पंचायत चंदूलाल पानिका सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# योजनाओं का लाभ उठाकर सृजित किए जा सकते हैं रोजगार के अवसर : रीती

## रैम्प कार्यशाला के दूसरे दिन उद्यमिता, नवाचार और डिजिटल बिजनेस पर रहा विशेष फोकस

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की रैम्प योजनांतर्गत सीधी में आयोजित दो दिवसीय एमएसएमई कम्पोजिट कार्यशाला का द्वितीय दिवस तकनीकी सत्रों, विशेषज्ञ संवाद एवं उद्यमिता प्रोत्साहन गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।**




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सीधी रीती पाठक ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं म.प्र. शासन द्वारा संचालित एमएसएमई, स्टार्टअप और स्वरोजगार योजनाएं युवाओं एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का समुचित लाभ उठाकर स्थानीय स्तर पर नए उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं, रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकते हैं तथा जिले की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र सीधी द्वारा दो पात्र हितग्राहियों को विधायक के माध्यम से ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस पहल से लाभार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी तथा जिले में उद्यमिता और रोजगार सृजन को नया प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में विषय विशेषज्ञों ने रैम्प योजना, बौद्धिक संपदा अधिकार, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस, जीआई टैगिंग जागरूकता, जेडईडी सर्टिफिकेशन, वॉलमार्ट वृद्धि ऑनलाइन ऑन बोर्डिंग, ओएनडीसी, बीआईएस जागरूकता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को उत्पाद गुणवत्ता, ब्रांड निर्माण, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, उत्पाद मानकीकरण तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने की रणनीतियों से अवगत कराया।

# मप्र नाट्य विद्यालय के सहयोग से 25 दिवसीय रंगमंचीय कार्यशाला का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल एवं रंगदूत सीधी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 25 दिवसीय प्रस्तुतीपरक रंगमंचीय कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को रंगदूत स्पेस दक्षिणी करौंदिया नाग मंदिर के पास सीधी में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।**



कार्यशाला का संचालन म.प्र. नाट्य विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में म.प्र. नाट्य विद्यालय की रंग प्रयोगशाला के विद्यार्थी युवा रंगकर्मी रोशन अवधिया के निर्देशन में किया जा रहा है। कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागी शामिल हुए, जिन्होंने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों का परिचय सत्र आयोजित किया गया। इसके पश्चात रंगमंच की मूलभूत अवधारणाओं तथा चरित्र निर्माण विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में आगामी दिनों में अभिनय, स्वर साधना, शारीरिक प्रशिक्षण, थिएटर गेम्स, संवाद अदायगी, मंच अनुशासन, समूह कार्य, शारीरिक अभिव्यक्ति तथा प्रस्तुतीकरण की विभिन्न तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। म.प्र. नाट्य विद्यालय के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला जिले के युवा कलाकारों को प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। कार्यशाला पूर्णत: नि:शुल्क है तथा इसका समापन 18 जुलाई को प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई रंगमंचीय प्रस्तुति के साथ होगा। आयोजकों ने जिले के युवाओं एवं कला प्रेमियों से इस पहल का लाभ उठाने और रंगमंच की रचनात्मक यात्रा से जुड़ने की अपील की है।

# ब्रह्माकुमारीज जमोड़ी में मना मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का पुण्य स्मृति दिवस

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। जमोड़ी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र में संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का पावन पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा एवं आध्यात्मिकता के वातावरण में मनाया गया।**



कार्यक्रम का शुभारम्भ परमपिता परमात्मा शिव की स्मृति एवं राजयोग मेडिटेशन से हुआ। उपस्थित सभी ब्रह्मावत्सों एवं श्रद्धालुओं ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कर शांति एवं आत्मिक शक्ति का अनुभव किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार कृष्णा भाई ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से शारीरिक विश्राम, मानसिक शांति तथा तनावमुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को मेडिटेशन का अभ्यास कराया। तत्पश्चात सेवा केन्द्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी डॉ.अरुणा दीदी ने आध्यात्मिक सत्संग एवं परमात्म महावाक्यों के माध्यम से जीवन में राजयोग की उपयोगिता को समझाया। इस अवसर पर परमपिता परमात्मा शिव बाबा एवं मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी को श्रद्धापूर्वक भोग अर्पित किया गया। डॉ.अरुणा दीदी ने सभी उपस्थितजनों को शुभकामनाओं एवं आध्यात्मिक आशीर्वचनों से भरपूर किया। मातेश्वरी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात सभी ने ब्रह्माभोजन ग्रहण किया। प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस कार्यक्रम में मातेश्वरी जी की स्मृति में भजन, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में सीधी, चुरहट, मझौली, मड़वास, निवास तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।




# जिला न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में 24 जून को जिला न्यायालय परिसर सीधी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर का उद्देश्य आमजन को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा नि:शुल्क विधिक सहायता एवं डॉन योजना की जानकारी उपलब्ध कराना था। शिविर में उपस्थित पक्षकारों, नागरिकों एवं न्यायालय में आने वाले व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, साइबर अपराधों से बचाव तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बताया गया कि आर्थिक अथवा अन्य कारणों से न्याय प्राप्त करने में असमर्थ पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही उपस्थित नागरिकों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं विधिक समस्याओं के समाधान के लिए विधिक सेवा संस्थाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने डॉन योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, नशे की लत की रोकथाम, उपचार, पुनर्वास तथा सामाजिक पुनर्स्थापन को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत मादक एवं मन:प्रभावी पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है।

# जिले में चलेगी 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान

**सीधी 24 जून।** जिले में आगामी 28 जून से 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके तहत पांच वर्ष तक की आयु के 1 लाख 92 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भारत ने पोलियो मुक्त देश का गौरव हासिल किया है और इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दो बूंद पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है।

# सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण, री-ईकेवाईसी अभियान जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि पांच वर्ष पूर्व ई-केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों के लिए शासन के निर्देशानुसार री-ईकेवाईसी की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिससे हितग्राहियों की उपलब्धता एवं पहचान का समय-समय पर सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके।**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार पीओएस मशीन में ऐसे हितग्राहियों को पीले रंग से प्रदर्शित किया जा रहा है, जिनकी ई-केवाईसी पांच वर्ष पूर्व हुई थी और जिन्हें पुन: री-ईकेवाईसी करानी है। यह पूरी तरह एक नियमित एवं सतत प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र हितग्राहियों के रिकॉर्ड को अद्यतन रखना है। जिले में वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कुल 10 लाख 38 हजार 539 हितग्राही पंजीकृत हैं और सभी की ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है। शासन द्वारा पांच वर्ष से कम आयु के हितग्राहियों को ई-केवाईसी से छूट प्रदान की गई है। विभाग के अनुसार जिले में ऐसे 39846 सदस्य हैं, जिनकी ई-केवाईसी को पांच वर्ष से अधिक समय हो चुका है और उनके लिए री-ईकेवाईसी की प्रक्रिया प्रचलित है। यह संख्या री-ईकेवाईसी के पात्र हितग्राहियों की है तथा इसका राशन वितरण या पात्रता समाप्त होने से कोई संबंध नहीं है। खाद्य विभाग ने बताया कि जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा विशेष अभियान चलाकर री-ईकेवाईसी का कार्य निरंतर किया जा रहा है। सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी री-ईकेवाईसी समय पर पूर्ण कराकर शासकीय सेवाओं का निर्बाध लाभ प्राप्त करते रहें।

# मातेश्वरी जगदम्बा का श्रद्धापूर्वक मनाया गया 61वां स्मृति दिवस

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। ब्रह्माकुमारी दिव्यज्योति धाम स्टेडियम के पास स्थित मुख्य सेवा केन्द्र में ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम प्रशासनिक प्रमुख एवं त्याग, तपस्या तथा आध्यात्मिकता की साकार प्रतिमूर्ति मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 61वां स्मृति दिवस श्रद्धा व आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया।**



इस अवसर पर सीधी जिले के विभिन्न सेवा केन्द्रों की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके रेखा ने मम्मा के जीवन एवं उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सेवाए सादगी और श्रेष्ठ संस्कारों का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी को मम्मा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन बीके अर्चना ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के प्राचार्य शंभूनाथ त्रिपाठी ने मातेश्वरी जगदम्बा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा किए जा रहे नि:स्वार्थ सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन हेतु ब्रह्माकुमारी संस्था का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बीके रानी, बीके शैलि, राघवेंद्र तिवारी, रामपति तिवारी, सुधा सिंह, जवाहरलाल गुप्ता, पुष्पेंद्र तिवारी एवं ऋषिकांत गौतम सहित अनेक भाई-बहन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना के साथ राजयोग ध्यान द्वारा किया गया।



# गायत्री जयंती पर सांस्कृतिक संध्या में लोककला संगीत और रंगमंच का अद्भुत संगम

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित गायत्री जयंती महापर्व के अवसर पर गायत्री मंदिर पूजा पार्क रोली परिसर सीधी में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।**

गायत्री परिवार सीधी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति, लोक संस्कृति, संगीत और रंगमंच का सुंदर समन्वय देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने देर रात तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर साधना संगीत केन्द्र के बाल कलाकारों द्वारा गायत्री मिशन के प्रेरणा गीतों एवं स्वरचेतना गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से हुआ। निकुंज खरे, अक्षय खरे, भक्षित द्विवेदी, अभय द्विवेदी सहित अनेक बाल कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात ध्रुव तिवारी, यश साहू, प्रभात पटेल, अंशिका तिवारी, सांची मुद्गल, पलक मिश्रा एवं अन्य कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित इन्द्रवती नाट्य समितिए सीधी द्वारा प्रस्तुत व्यंग्य नाट्य वैष्णव की फिसलन रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गायत्री परिवार सीधी, गायत्री परिवार युवा मंडल तथा स्थानीय प्रबंधन प्रमुख वीरेन्द्र कुमार खरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठजनों द्वारा सभी कलाकारों एवं सहयोगियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति, लोक परंपरा, संगीत और रंगमंच का उत्कृष्ट संगम बताया। कार्यक्रम की प्रस्तुति इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी मध्यप्रदेश द्वारा की गई।

# आज तकनीक के इस दौर में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव : संतोष

## सीधी जिले में 15 दिवसीय सेफक्लिक-2 .0 साइबर जागरूकता अभियान का वृहद शुभारंभ, पुलिस अधीक्षक ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम, ऑनलाइन धोखाधड़ी से आमजन की सुरक्षा और नागरिकों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने के उद्देश्य से आज म.प्र. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सेफ क्लिक-2.0 (साइबर स्वच्छता) अभियान का पूरे जिले में भव्य और वृहद स्तर पर शुभारंभ किया गया।**




पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में आयोजित इस मुख्य जिला स्तरीय कार्यस्र5म का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इसी कड़ी में साइबर सुरक्षा के संदेश को जिले के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज तकनीक के इस दौर में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। आज प्रथम दिवस के कार्यक्रम के तहत पूरे जिले के सभी थानों, चौकियों, ग्राम पंचायतों, अस्पतालों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से संबंधित विशेष बैनर, पैम्फलेट और स्टेंडी स्थापित की गईं इसके साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न आधिकारिक माध्यमों पर साइबर सुरक्षा से जुड़े संदेशों, वीडियो और ऑडियो क्लिप का व्यापक स्तर पर प्रसारण शुरू किया गया है ताकि कोई भी नागरिक अनजाने में साइबर ठगों का शिकार न बने।

इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने रुको, सोचो और फिर कार्रवाई करो का मूल मंत्र साझा किया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक अजाक सुजीत कड़वे, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक आर.एल. साकेत, थाना प्रभारी कोतवाली उपनिरीक्षक विवेक द्विवेदी सहित भारी संख्या में पुलिस स्टाफ, तकनीकी विशेषज्ञ और जिले के गणमान्य पत्रकार उपस्थित रहे।

### आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम

पुलिस अधीक्षक सीधी ने बताया कि यह अभियान केवल आज तक सीमित नहीं है बल्कि आने वाले दिनों में तहसील, जनपद, अनुभाग और थाना स्तर पर व्यापक जन-भागीदारी के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भविष्य में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों के तहत जिले के समस्त स्कूलों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों में विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जहां छात्रों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई जाएगी और उनके लिए क्विज प्रतियोगिताएं होंगी। बैंकिंग और वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बैंकों, एटीएम, डाकघरों और सीएससी केन्द्रों पर जाकर आम नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले फ्रॉड, यूपीआई और फर्जी निवेश योजनाओं से बचने के गुर सिखाए जाएंगे। इसके साथ ही भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए ग्राम पंचायतों में साइबर चौपाल का आयोजन किया जाएगा।







CMYK